# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में दिनांक 12.06.2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12.06.2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जल निगम (ग्रामीण) से अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई से परियोजना प्रबन्धक व कलस्टर हेड, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) से जिला समन्वयक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई द्वारा विकास खण्डवार सहायक अभियंता व अवर अभियंताओं के जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ की फेज–2 की योजनाओं के सभी ग्राम पंचायतों में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) का कार्य शत्–प्रतिशत् किया जा चुका है, परंतु फेज–3 में विकासखंड भरावन, अहिरोरी, सुरसा, व कोथांवा में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों की प्रगति क्रमशः, 70%, 74%,75% व 77% पाई गयी जो संतोषजनक नहीं है। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 के परियोजना प्रबंधक व संबंधित अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त विकासखण्डों में भी क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

   **(कार्यवाही– सम्बन्धित सहा0अभि0/अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई द्वारा प्रस्तुत क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के विवरण के अवलोकनोंपरांत बैठक में उपस्थित एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबंधक, समस्त कलस्टर हेड व अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि उन विकासखण्डों में जिनमें क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्य 95% पूर्ण हो चुके हैं उनमें दिनांक 30 जून 2024 तक 100% तथा जिन विकासखण्डों में 90% 85% 80% 75% व 70% हो चुके हैं उनमें दिनांक 30 जून 2024 तक 5% की वृद्धि अवश्य सुनिश्चित की जाये।

   **(कार्यवाही– सहा0अभि0/अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 समस्त कलस्टर हेड हरदोई।)**

3. समीक्षा बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबंधक एन0सी0सी0, समस्त सहायक अभियंता व अवर अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि काफी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने के समय काटी गई व खोदी गई सड़कों के पुनः मरम्मत समय से न होने की शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं उन्हें एक सप्ताह का अभियान चलाकर सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

   **(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

4. बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हरदोई व जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबंधन इकाई को निर्देशित किया गया कि जिन–जिन ग्राम पंचायतों में ग्राम वासियों

को पानी की आपूर्ति की जा रही है उन ग्राम पंचायतों की FTK प्रशिक्षित महिलाओं से जल की गुणवत्ता की जांच निरंतर कराया जाये तथा जल की गुणवत्ता में यदि कोई कमियां परिलक्षित हो तो उसे तत्काल दूर किया जाए।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला समन्वयक तथा सी0बी0टी0 समन्वयक डी0पी0एम0यू0 हरदोई।)**

5. बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबंधक एन0सी0सी0 को यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद के जिन–जिन ग्राम पंचायतों में ग्राम वासियों को पानी की टंकी के माध्यम से जल की आपूर्ति की जा रही है उन ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलों जैसे– पंचायत भवन, प्राइमरी स्कूल आदि जगहों पर जल आपूर्ति का समय व टैंक की सफाई का दिन निर्धारित करके उसे बड़े अक्षरों में लिखवा दिया जाये।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

6. बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हरदोई को निर्देशित किया गया है कि जनपद में जन–जागरूकता के कार्यों में लगी हुई सभी संस्थाओं को अवगत करायें कि वह क्षेत्र में आयोजित गोष्ठियों में आम जनता को जल संरक्षण व जल संचयन के बारे में जागरूक करते रहें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता जल निगम,, जिला समन्वयक तथा आईएसए/आईईसी समन्वयक डी0पी0एम0यू0 हरदोई।)**

7. समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण हरदोई द्वारा सहायक अभियंतावार प्रस्तुत क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों की समीक्षा करने पर विकासखंड अहिरोरी, बिलग्राम व सुरसा में फेज–3 के क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गया। संबंधित सहायक अभियंता श्री नवनीत सिंह से कारण पूछा गया तो उनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) हरदोई को निर्देशित किया गया की सहायक अभियंता श्री नवनीत सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई।)**

o/c (मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक 3754 / का0–70 / 2024 दिनांक: 02/07/24

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक/ए0जी0एम0, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

o/c जिलाधिकारी
हरदोई।